मुंबई मेट्रो-3 की 3.82 किलोमीटर लंबी सुरंग तैयार

महानगर संवाददाता
मुंबई

मुंबई मेट्रो-3 की परियोजना के तहत छत्रपति शिवाजी टर्मिनस (सीएसटीटी) से लेकर मुंबई सेंट्रल स्टेशन के बीच 3.82 किलोमीटर लंबी सुरंग बनकर तैयार हो चुकी है। सुरंग का निर्माण हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी (एचसीसी) ने किया है। कंपनी ने बताया कि मुंबई मेट्रो-3 की परियोजना के लिए उसने दक्षिण मुंबई की घनी आबादी वाले इलाके में 3.82 किलोमीटर लंबी सुरंग का काम पूरा कर लिया है।

इसे चुनौतीपूर्ण कार्य बताते हुए कहा कि कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि मुंबई मेट्रो-3 की परियोजना के लिए पूरी लंबाई की सुरंग को पूरा करने वाली वह पहली कंट्रैक्टर बन गई है। एचसीसी ने औसतन रोजाना 8.20 मीटर की ड्रिलिंग कर 3.82 किलोमीटर लंबी सुरंग का काम पूरा किया है। इस सुरंग के तहत कलबादेवी, गिरगांव और ग्रांट रोड स्टेशन आते हैं।

यह सेक्शन 33.50 किलोमीटर लंबी मेट्रो-3 लाइन का हिस्सा है जो कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज (अंधेरी पूरब) को जोड़ती है और यह मुंबई में पहली पूरी तरह से अंडरग्राउंड मेट्रो होगी। इसका निर्माण 23,136 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। इसके लिए जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) से 13,325 करोड़ रुपये का कर्ज लिया गया है।

मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) ने एचसीसी को जुलाई 2016 में इसका कंट्रैक्ट दिया था।